# युवाओं को नौकरियां दिलाने के लिए किया जाएगा रोजगार मिशन का गठन

मनोज त्रिपाठी • जागरण

**लखनऊ:** प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन किया जाएगा। इसके लिए श्रम एवं सेवायोजन विभाग की तरफ से जल्द ही शासन को प्रस्ताव भेजने की तैयारी की जा रही है। रोजगार मिशन के लिए गठित की जाने वाली संयुक्त समिति में विभिन्न विभागों के एक-एक नामित अधिकारियों के अलावा प्रमुख सचिवों व जिलाधिकारियों को



- जर्मनी, क्रोएशिया व यूएई में भी मिलेंगे रोजगार के अवसर
- विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बनेगी संयुक्त समिति
- विदेश में भी रोजगार की संभावनाओं की होगी तलाश

शामिल किया जाएगा। सेवायोजन विभाग को नोडल विभाग की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

हमास से युद्ध के कारण क्षतिग्रस्त हुईं इजरायल की इमारतों के निर्माण के लिए पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश से 5,600 युवाओं को इजरायल भेजने के बाद श्रम एवं सेवायोजन विभाग ने अन्य देशों में भी रोजगार की संभावनाओं की तलाश शुरू कर दी है। इसे लेकर जर्मनी, जापान, क्रोएशिया, यूएई सहित अन्य देशों में विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों पर नजर रखी जा रही है। विभाग ने इसे लेकर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) के साथ करार भी किया है। टीसीएस की तरफ से रोजगार के लिए पंजीकरण कराने वाले युवाओं को तीन हजार से ज्यादा कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही युवाओं को अंग्रेजी सहित जिस देश में रोजगार के लिए जाना है, वहां की भाषा की आनलाइन जानकारी भी दी जाएगी।

इसके साथ ही श्रम एवं सेवायोजन विभाग ने शासन को रोजगार मिशन के गठन की प्रासंगिकता के बारे में भी अवगत कराया है। विभाग ने शासन से इस बाबत सहमति ले ली है कि बदलते परिवेश में जिस प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के नए-नए अवसर पैदा हो रहे हैं उनकी जानकारी एकत्र करने के लिए जरूरी है कि सभी विभाग सामूहिक तौर पर रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास करें। उत्तर प्रदेश सहित, अन्य प्रदेशों व जिन देशों में नर्सों की जरूरत है, वहां नर्सों के लिए रोजगार के अवसर ढूंढ़ने के साथ-साथ सुरक्षा, तकनीकी, निर्माण, आइटी सहित अन्य क्षेत्रों के लिए युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। वर्तमान में 36 लाख युवा रोजगार के लिए पंजीकृत हैं। इस बारे में श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि फिलहाल प्रस्ताव तैयार है। कोशिश है कि विभिन्न देशों में भेजे जाने वाले युवाओं को सरकार की तरफ से हरसंभव मदद दी जाए।

यह और उप्र की राजनीति, सरकार और अपराध संबंधित अन्य खबरें www.jagran.com पर पढ़ें